तापमान

अधिकतम 32 डिग्री

न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, गुरुवार 16 जुलाई 2026

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड



13 नगरी में बैंक-एटीएम की सुरक्षा पर सवाल, नकाबपोश चोरों...






16 विजिबल पुलिसिंग के साथ अपराधियों पर सख्त कार्रवाई...




## खबर संक्षेप

### युवक ने लगाई फांसी

**धमतरी।** अज्ञात कारणों से एक युवक ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम आमदी निवासी योगेश देवांगन पिता राधेश्याम उम्र 20 वर्ष कपड़ा सिलाई करने का काम करता था। युवक ने मंगलवार की दोपहर भाभी को आराम करने की बात कहकर अपने कमरे में जाकर दरवाजा बंद कर लिया। काफी समय तक कमरे में युवक की आहट नहीं मिलने पर परिजन दरवाजा को धकेलकर कमरे में गए, जहां युवक ने बेल्टनुमा कपड़े की रस्सी का फंदा सिलिंग पंखा में बांध फांसी लगा ली थी। परिजनों ने घटना की सूचना अर्जुनी पुलिस को दी। पुलिस ने बुधवार को पंचनामा की कार्रवाई कर शव को जिला अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। युवक द्वारा आत्महत्या करने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

डीएपी की जगह वैकल्पिक खाद के उठाव से बढ़ी खपत

# कम लिमिट में ज्यादा खाद का उठाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

डीएपी की कमी ने सुपर फास्फेट और एनपीके खाद की डिमांड बढ़ा दी है। इस खाद का इस्तेमाल कर किसान डीएपी की कमी को दूर करने में लगे हैं। यही कारण है कि इस साल खाद की खपत पिछले साल की तुलना में अधिक हो रही है। अब तो उठाव के लिए लिमिट भी खत्म कर दी गई है। ऐसे में किसान एकमुश्त अपने कोटे की खाद उठा सकते हैं।

खाद संकट के चलते किसानों को कम मात्रा में खाद दी जा रही है। किसानों ने पिछले साल जितना खाद उठाया था, उसका 60 प्रतिशत डीएपी और 80 प्रतिशत यूरिया दिया जा रहा है। विकल्प के तौर पर अन्य खाद भी किसानों को थमाई जा रही है। कृषि विभाग से मिली जानकारी के अनुसार इस साल करीब 1 लाख 44 हजार हेक्टेयर में खरीफ फसल ली जाएगी। इसमें से 1 लाख 38 हजार हेक्टेयर तो सिर्फ धान की फसल का है। किसानों की माने तो धान की फसल पूरी तरह से रासायनिक खाद पर निर्भर है। पिछले साल किसानों ने खरीफ फसल में 69 हजार टन खाद का उपयोग किया था, लेकिन इस साल खाद कम मात्रा में दी जा रही है। कृषि विभाग की माने तो जिले में वैज्ञानिकों की अनुशंसा को ध्यान में रखकर खाद का वितरण किया जा रहा है।



### पिछले साल से ज्यादा उठाव

खाद के उठाव की स्थिति देखें तो किसानों ने अब तक पिछले साल से ज्यादा मात्रा में खाद का उठाव किया है। इस बार यूरिया के साथ डीएपी की जगह सुपर फास्फेट और एनपीके का उठाव हुआ है। जानकारी के अनुसार 5021 टन सुपर फास्फेट, 4397 टन एनपीके, 3047 टन डीएपी, 10654 टन यूरिया, 1166 टन पोटाश का उठाव हुआ है। इस साल अब तक कुल 24285 टन खाद का उठाव हुआ है, जबकि पिछले साल 13 जुलाई की स्थिति में 23712.79 टन खाद का उठाव हुआ था।

### विकल्प ही एकमात्र उपाय

खाद की स्थिति पर नजर डाले तो भरपूर मात्रा में खाद का भंडारण किया जा चुका है। समितियों में 32 हजार 12 टन खाद का भंडारण किया जा चुका है। इस साल किसानों को डीएपी कम मात्रा में दिया जा रहा है। प्रति एकड़ 1 बोरी ही डीएपी दिया जा रहा है। इस कमी को पूरा करने के लिए किसान सुपर फास्फेट और एनपीके खाद का उठाव कर रहे हैं। स्थिति यह है कि डीएपी की तुलना में तीन गुना ज्यादा सुपर फास्फेट और एनपीके खाद का उठाव हुआ है। उल्लेखनीय है कि सुपर फास्फेट और यूरिया को मिलाकर उपयोग करने से डीएपी की कमी दूर की जा सकती है।

# एकांतवास से प्रकट हुए महाप्रभु जगन्नाथ, आज आस्था के साथ निकलेगी ऐतिहासिक रथयात्रा





- श्री जगदीश मंदिर ट्रस्ट और पुलिस प्रशासन की व्यापक तैयारियां
- हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

मठ मंदिर चौक स्थित 108 वर्ष प्राचीन श्री जगदीश मंदिर से निकलने वाली भगवान श्री जगन्नाथ, बहन सुभद्रा एवं भाई बलभद्र की ऐतिहासिक रथयात्रा की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। रथयात्रा से पूर्व परंपरानुसार एक सप्ताह तक विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। बुधवार को भगवान जगन्नाथ एकांतवास से प्रकट हुए। वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ पंडित बालकृष्ण महाराज द्वारा भगवान की पुनः प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न कराई गई।

उल्लेखनीय है कि भगवान के अस्वस्थ होने की सनातन परंपरा के निर्वहन के दौरान प्रतिदिन श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या मंदिर पहुंचकर भगवान को काढ़ा एवं औषधि अर्पित कर रही थी। बुधवार को दिनभर विशेष पूजा-अर्चना एवं धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। बुधवार की शाम भगवान जगन्नाथ स्वामी एवं उनके परिवार को लेने के लिए सुसज्जित रथ श्री जगदीश मंदिर पहुंचा। इस रथ यात्रा के लिए मंदिर ट्रस्ट द्वारा लगभग 7,000 आमंत्रण पत्रों का वितरण किया गया है।

आज 16 जुलाई को दोपहर 12 बजे विशेष पूजा-अर्चना के बाद भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा एवं भाई बलभद्र को रथ पर विराजमान कराया जाएगा। दोपहर 1 बजे रथयात्रा जनकपुरी के लिए प्रस्थान करेगी। इस वर्ष भी हजारों श्रद्धालुओं के रथयात्रा में शामिल होने की संभावना है। इसे देखते हुए श्री जगदीश मंदिर ट्रस्ट एवं पुलिस प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां की गई हैं।

प्राण-प्रतिष्ठा एवं विशेष पूजा-अर्चना में पुजारी बालकृष्ण शर्मा, गौरव शर्मा, श्री जगदीश मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष किरण कुमार गांधी, उपाध्यक्ष सत्यनारायण राठी, सचिव प्रकाश गांधी, सहसचिव मोहन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष लखमशी भानुशाली, ट्रस्टी श्यामसुंदर अग्रवाल, डॉ. हीरा महावर, श्याम अग्रवाल, हर्षद मेहता, गोपाल शर्मा, लक्ष्मीचंद बाहेती, अजय अग्रवाल, विपिन पटेल, मदनमोहन खंडेलवाल, बिहारीलाल अग्रवाल, दयाराम अग्रवाल, रमेश लाट, भरत सोनी, बालकृष्ण शर्मा महाराज, अनिल मित्तल, आमंत्रित सदस्य विनोद अग्रवाल एवं रविकांत अग्रवाल उपस्थित थे।

रथयात्रा की व्यवस्थाओं एवं सेवा कार्य में प्रीतेश गांधी राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अखिल भारत गुजराती समाज एवं प्रदेश सहकार्यालय मंत्री भाजपा छग, संजय अग्रवाल, दिलीप सोनी, विकास अग्रवाल, हितेश अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, महेंद्र पंडित, राजेंद्र शर्मा, कीर्ति शाह, गोवर्धन सोनी, महेंद्र राजपुरिया, हरि कटारिया, अजीत खंडेलवाल, अनुराग महावर, कुलेश सोनी पार्षद, पिंटू यादव पार्षद, प्राजेंद्र लुंकड़, सूरज शर्मा, रवि शर्मा, निशित पटेल, अंशुल महावर, प्रजय महावर, सुनील सोनी, जयेश मेहता, सुबोध ठाकुर, अनंत शाह, राम शर्मा, आकाश जसूजा, गोलू ठाकुर एल्डरमैन, प्रतापराव कृदत, सूर्यप्रकाश अग्रवाल, प्रियंक गांधी, राकेश चंदवानी पार्षद, दुष्यंत, वेदांत खंडेलवाल जुटे हुए हैं।

# टाइल्स से भरा आटो अनियंत्रित होकर पलटा

**धमतरी।** टाइल्स भरकर सोरम जा रहा आटो बदहाल सड़क के कारण अनियंत्रित होकर पलट गया। इस घटना में आटो सवार एक व्यक्ति के सिर में चोट आई है।

- गोकुलपुर-भटगांव मार्ग की घटना

मिली जानकारी के अनुसार रूद्री थाना क्षेत्र के ग्राम बेलतरा निवासी प्रदीप ध्रुव धमतरी से आटो में टाइल्स भरकर सोरम जा रहा था। इसी दौरान गोकुलपुर-भटगांव मार्ग पर सामने से आ रहे बाइक सवारों को साइड देने के चक्कर में टाइल्स से भरा आटो पलटकर 4 फीट नीचे खेत में जा गिरा। इस घटना में टाइल्स खेत में बिखर गई। आटो के पलटने से उसमें सवार एक व्यक्ति के सिर में गंभीर चोट लगी है। उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि गोकुलपुर- भटगांव पहुंच मार्ग संकरा व इतना खराब है कि आये दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। धान से भरे ट्रकों के चलने के कारण यह सड़क कई जगह पर एक तरफ पिचक गई है जिसके कारण सड़क पर एकतरफा ढलान जैसी स्थिति बन गई है। इससे दोपहिया वाहनों के गिरने का खतरा बना रहता है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से इस सड़क को जल्द से जल्द ठीक करने की मांग की है। सुधार नहीं होने पर चक्काजाम की चेतावनी दी है।



# ताबीज पहनाने के बहाने महिला से अश्लील हरकत करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**धमतरी।** पूजापाठ कर ताबीज पहनाने के बहाने महिला से छेड़छाड़ कर अश्लील हरकत करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार आरोपी दुर्गेश्वर प्रसाद चौरे पूजापाठ व ताबीज पहनाने का झांसा देकर एक महिला को कमरे में ले गया। आरोपी ने उसके साथ अशोभनीय हरकत करते हुए उसकी अस्मिता को भंग करने का प्रयास किया। महिला द्वारा विरोध कर शोर मचाने पर आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने इस प्रकरण में धारा 74 बीएनएस अंतर्गत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी दुर्गेश्वर प्रसाद चौरे उर्फ मोची गब्बर उम्र 30 वर्ष ग्राम देमार थाना अर्जुनी निवासी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आवश्यक पूछताछ कर उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर विधिवत गिरफ्तार कर उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया जहां से आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।







## खबर संक्षेप

### मेडिकल कॉलेज को मिली एनएमसी की स्वीकृति

**दंतेवाड़ा।** राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग ने दंतेवाड़ा शासकीय मेडिकल कॉलेज में शैक्षणिक सत्र 2026–27 प्रारंभ करने की स्वीकृति मिलना पूरे बस्तर संभाग के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है। विधायक चैतराम अटामी ने इस



महत्वपूर्ण उपलब्धि पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय तथा स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल का आभार व्यक्त किया है।विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के संकल्प तथा डबल इंजन की सरकार की विकासोन्मुखी सोच का परिणाम है, कि आज बस्तर जैसे दूरस्थ एवं आदिवासी अंचल में मेडिकल कॉलेज की सौगात साकार हुई है।

### कन्या शिक्षा परिसर के छात्राओं को लगा एचपीवी टीका

**भोंड।** शासकीय कन्या शिक्षा परिसर परचनपाल में अध्ययनरत 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की छात्राओं को गर्भाशय ग्रीवा सर्वाइकल कैंसर से बचाव के उद्देश्य से एचपीवी वैक्सीन लगाई गई। खंड चिकित्सा अधिकारी बस्तर के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग की चिकित्सकों एवं नर्सों की टीम विद्यालय पहुंची और निर्धारित आयु वर्ग की छात्राओं का सफलतापूर्वक टीकाकरण किया।

## निधन

### महेश्वर कुमार

**धमतरी।** ग्राम सेमरा बी (बारना) निवासी शिक्षक महेश्वर कुमार साहू



का आकस्मिक निधन हो गया। वे श्रीमती सरस्वती साहू के पुत्र थे। अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है।

### आजूराम साहू

**आमदी(धमतरी)।** खरतुली



निवासी आजूराम साहू का मंगलवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वह गैंदलाल साहू के पिता थे।

**न्यायालय तहसीलदार धमतरी जिला-धमतरी (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. 202607130700050
प्र.क्र. ब-12/वर्ष 2025-26
ग्राम-रत्नाबांधा
तहसील व जिला-धमतरी छ.ग.

सर्वसाधारण आम जनता मौजा ग्राम रत्नाबांधा तहसील व जिला धमतरी (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक अहमद रजा पिता सईद चौहान, निवासी-रत्नाबांधा पो. लोहरसी तह. व जिला-धमतरी (छ.ग.) के द्वारा अपने स्वयं अहमद रजा के हेतु केन्द्र सरकार के अंतर्गत लोक पदों एवं सेवाओं में नियुक्ति हेतु/शैक्षणिक संस्थाओं में प्रवेश प्राप्त करने हेतु ग्राम रत्नाबांधा प.ह.नं. 30 रा.नि.मं. भोथली तहसील व जिला धमतरी स्थित भूमि खसरा नं. 339/3/21 शामिल 39/14, 340/1, 2, 341/1, 2, 367/2, 4, 5, 21 रकबा 0.010 हे. (800 वर्गफुट) का रजिस्ट्री पेपर एवं बी-1, खसरा एवं अपने परिवार के आय प्रमाण पत्र जिसमें आय 90,000 रूपये का प्रस्तुत किया गया है। जिसके आधार पर आवेदक आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए निर्धारित 10 प्रतिशत आरक्षण का लाभ प्राप्त करने हेतु भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में आय एवं संपत्ति प्रमाण पत्र बनाने हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था अथवा शासकीय, अर्धशासकीय विभाग तथा अन्य संबंधितों को कोई आपत्ति या दावा प्रस्तुत करना हो तो दिनांक 28/07/2026 तक इस न्यायालय में न्यायालयीन समय तक उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। समयावधि समाप्ति के बाद प्राप्त आपत्ति/उजर दावा पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 13/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद्मुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार
धमतरी (छ.ग.)

# स्वामी विवेकानंद लाइब्रेरी में हाईस्पीड वाई-फाई की शुरुआत

## अध्यक्ष ज्योति जैन की घोषणा पर हुआ अमल, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

नगर पंचायत भखारा-भठेली की स्वामी विवेकानंद लाइब्रेरी को आधुनिक एवं डिजिटल सुविधाओं से सुसज्जित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल शुरू कर दी गई है। नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति जैन द्वारा पूर्व में किए गए निरीक्षण के दौरान की गई घोषणा के अनुरूप अब लाइब्रेरी में हाई स्पीड वाई-फाई सुविधा उपलब्ध कराई गई। पार्षदगणों व गणमान्य जनों की उपस्थिति में पूजन कर प्रारंभ किया गया। विद्यार्थियों की सुविधा के लिए पांच कंप्यूटर में भी निःशुल्क वाईफाई दिया गया।

अध्यक्ष ज्योति ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं को बेहतर अध्ययन वातावरण उपलब्ध कराना नगर पंचायत की प्राथमिकता है। लाइब्रेरी में शांत एवं अनुशासित माहौल में प्रतिदिन बड़ी संख्या में विद्यार्थी अध्ययन करते हैं। वाई-फाई और कंप्यूटर सुविधा मिलने से उन्हें ऑनलाइन अध्ययन सामग्री, ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म एवं डिजिटल संसाधनों का लाभ मिलेगा।

इस अवसर पर नपं उपाध्यक्ष विष्णु साहू, नेता प्रतिपक्ष अविनाश गौर, झम्मन साहू, भूपेश्वरी चंदेल, अंजू साहू, खेमलता साहू, चांदनी साहू, गौतमी पटेल, मेघनाथ साहू, भूपेंद्र यादव, एल्डरमेन संतोष साहू, किशोर गौर, दीनू निर्मलकर, रामस्वरूप साहू, कामता प्रसाद साहू, गणेश साहू, मेघसिंह साहू सहित नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



### डिजिटल अध्ययन का बेहतर वातावरण बनेगा

प्राचार्य दीपक चौधरी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद लाइब्रेरी में वाई-फाई सुविधा उपलब्ध होना विद्यार्थियों और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए लाभकारी कदम है। अब उन्हें अध्ययन सामग्री और डिजिटल संसाधनों तक आसानी से पहुँच मिलेगी। मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिकिशन पावरिया ने कहा कि नगर पंचायत का उद्देश्य नागरिकों को आधुनिक और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इससे विद्यार्थियों को डिजिटल अध्ययन का बेहतर वातावरण मिलेगा। भविष्य में भी नगर पंचायत जनहित और शिक्षा को बढ़ावा देने वाले ऐसे कार्य निरंतर करती रहेगी।

## आज नए रथ पर नगर भ्रमण के लिए निकलेंगे भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा

# 300 साल से दौड़ रही आस्था की रथयात्रा : पुरी से भीतररास तक भगवान जगन्नाथ की अनोखी परंपरा

- छमासी रात्रि में भीतररास में बना भगवान जगन्नाथ का मंदिर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी







भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा का नाम लेते ही सबसे पहले ओडिशा के पुरी की भव्य तस्वीर आंखों के सामने उभरती है, जहां लाखों श्रद्धालु भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के दर्शन के लिए उमड़ पड़ते हैं। लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि नगरी विकासखंड के छोटे से गांव भीतररास में भी एक ऐसी रथयात्रा निकलती है, जिसका इतिहास करीब 300 साल पुराना है। यह केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि लोकआस्था, परंपरा और इतिहास का ऐसा संगम है, जो आज भी अपनी मूल पहचान के साथ जीवित है। आज भगवान जगन्नाथ एक बार फिर अपने भक्तों के बीच नए रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण के लिए निकलेंगे।

इस ऐतिहासिक परंपरा की सच्चाई जानने के लिए हम भीतररास स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर पहुंचे। पुजारी ईश्वर दास वैष्णव ने बताया कि भीतररास में भगवान जगन्नाथ मंदिर का निर्माण उस काल में हुआ था, जिसे स्थानीय परंपरा में छमासी रात्रि कहा जाता है। मान्यता है कि उस समय छह महीने तक लगातार रात रही और दिन का उदय नहीं हुआ। भगवान सूर्य नारायण को प्रसन्न करने के लिए लोगों ने इसी काल में अनेक मंदिरों का निर्माण किया। इन्हीं मंदिरों में भीतररास का भगवान जगन्नाथ मंदिर भी शामिल है, जिसे आज भी उसी आस्था के साथ पूजा जाता है।

इस मंदिर की सबसे बड़ी विशेषता भगवान की प्रतिमाओं का इतिहास है। पुजारी ईश्वर दास वैष्णव बताते हैं कि कई सौ वर्ष पहले गांव के एक पंडा महाराज ओडिशा के पुरी पहुंचे थे। पुरी में हर 12 वर्ष बाद नवकलेवर की परंपरा के दौरान भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की पुरानी प्रतिमाओं को विधिवत कोयला बैकुंठ में समाधि दी जाती है। स्थानीय परंपरा के अनुसार उसी समय पंडा महाराज उन प्रतिमाओं को लेकर भीतररास पहुंचे और यहां उनकी स्थापना की तभी से गांव में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा प्रारंभ हुई जो आज तीन शताब्दी बाद भी बिना रुके जारी है।

बताया जाता है कि लगभग 300 वर्षों तक उसी प्राचीन रथ पर भगवान नगर भ्रमण करते रहे। समय के साथ उसकी लकड़ियां खराब होती रहीं तो उन्हें बदल दिया जाता था, लेकिन रथ का मूल स्वरूप और परंपरा कायम रखी गई। इस वर्ष पहली बार पूरी तरह नया रथ तैयार किया गया है। करीब 12 फीट ऊंचे और 8 फीट चौड़े इस रथ का निर्माण पारंपरिक शैली में किया गया है।

मंदिर के इतिहास में वर्ष 2021 भी एक महत्वपूर्ण पड़ाव माना जाता है। पुजारी के अनुसार लगभग 300 वर्ष पुरानी भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की प्रतिमाओं को पूरे वैदिक विधान के साथ मंदिर परिसर में ही समाधि दी गई। इसके बाद बेल की लकड़ी से नई प्रतिमाओं का निर्माण कराया गया और विधि-विधान से उनकी प्राण-प्रतिष्ठा की गई। आज श्रद्धालु उन्हीं प्रतिमाओं के दर्शन करते हैं, जबकि पुरानी प्रतिमाएं मंदिर परिसर में ही सम्मानपूर्वक विराजमान मानी जाती हैं।

मंदिर से जुड़ी कई ऐसी लोकमान्यताएं भी हैं। गांव के बुजुर्ग बताते हैं कि कई बार रात के सन्नाटे में मंदिर की घंटियां अपने आप बजने लगती हैं। वहीं भगवान को रात में पहनाए गए वस्त्र सुबह बदले हुए या बिखरे हुए दिखाई देते हैं। इन घटनाओं को श्रद्धालु भगवान की दिव्य लीला मानते हैं।

भीतररास की रथयात्रा केवल गांव तक सीमित नहीं रहती। भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा का रथ भीतररास से निकलकर सिहावा होते हुए देऊरपारा स्थित प्राचीन कर्णेश्वर महादेव मंदिर पहुंचता है। यहां स्थित सूर्य मंदिर को भगवान की मौसी गोमचा का स्थान माना जाता है। मान्यता है कि भगवान अपनी मौसी के घर दस दिनों तक विश्राम करते हैं। इसके बाद देवशयनी एकादशी के दिन वैदिक मंत्रोच्चार, हवन और विशेष पूजा-अर्चना के साथ भगवान की पुनः भीतररास मंदिर में वापसी कराई जाती है। आज रथयात्रा को लेकर पूरे गांव में उत्साह का माहौल है। मंदिर को सजाया जा चुका है।

भीतररास के सरपंच रेमंत शांडिल्य ने बताया कि रथयात्रा की तैयारियां कई दिन पहले ही शुरू हो जाती हैं। नए रथ के निर्माण से लेकर यात्रा के सफल आयोजन तक पूरे गांव के लोग श्रमदान और आर्थिक सहयोग करते हैं। श्रद्धालुओं को पारंपरिक गजामूंग का प्रसाद वितरित किया जाता है।

## अंचल की खबरें

### गिधावा को मिला पेयजल के लिए चलित टैंकर



**नगरी।** ग्राम पंचायत गिधावा में जनपद पंचायत विकास योजना के 15वें वित्त आयोग मद से पेयजल आपूर्ति के लिए चलित टैंकर उपलब्ध कराया गया। टैंकर की पूजा-अर्चना कर शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में कृषि सभापति जनपद पंचायत नगरी पन्नालाल मरकाम, सरपंच शकुंतला ठाकुर, उपसरपंच कोमल सिंह मरकाम, पूर्व सरपंच प्रवीण ठाकुर, वरिष्ठ नागरिक गणेश राम साहू, जोहतराम नेताम पंच, जीवन देव पंच, विष्णु यादव, सचिव यशोदा, वेदिका सिन्हा पंच, लछन्तीन साहू, पोखराज साहरे, नकुल नेताम, अर्जुन सिंह साहू, हीरा कुंजाम, चंद्रहास, दिनेश, विनोद कुमार, मिथलेश कुंजाम उपस्थित थे। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि ग्राम पंचायत में पेयजल आपूर्ति के लिए चलित टैंकर की लंबे समय से आवश्यकता महसूस की जा रही थी। टैंकर उपलब्ध होने से विशेष रूप से गर्मी के मौसम तथा जल संकट की स्थिति में ग्रामीणों को राहत मिलेगी और पेयजल आपूर्ति सुचारु रूप से की जा सकेगी।

### दिव्यांगजनों ने जिला पंचायत सीईओ से की मुलाकात



**धमतरी।** दिव्यांग प्रेरणा जनकल्याण समिति की अध्यक्ष श्रीमती संतोषी विश्नोई, संस्थापक बसंत कुमार विश्नोई, कोषाध्यक्ष रोहित साहू और सलाहकार घनश्याम सिंह साहू ने जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा से मुलाकात कर श्रीफल और फूल से उनका अभिनंदन किया तथा दिव्यांगजनों की समस्याओं से अवगत कराया। पेंशन और प्रधानमंत्री आवास में प्राथमिकता देते हुए पंचायतों में चलने वाले राहत कार्य में शामिल करने की मांग की। ग्राम कंडेल में पंचायत द्वारा प्रस्तावित भूमि पर दिव्यांगों के लिए स्वरोजगार एवं प्रशिक्षण केंद्र निर्माण संबंधी योजना से भी अवगत कराया गया।

### पद्मविभूषण तीजनबाई को दी गई संगीतमय श्रद्धांजलि



**सिर्री।** पद्मविभूषण डॉ. तीजनबाई को मुक्ताकाशी मंच रायपुर में छत्तीसगढ़ कला जगत की प्रमुख हस्तियों ने संगीतमय श्रद्धांजलि अर्पित की। धमतरी जिले की बाल पंडवानी गायिका आराध्या साहू ने पंडवानी की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर तीजनबाई पर आधारित टेलीफिल्म का भी प्रदर्शन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल के अलावा फ़िल्म निगम अध्यक्ष मोना सेन और संस्कृति विभाग सचिव डॉ एस भारतीदासन, संचालक डॉ संजय कन्नौजे आला अधिकारी, तीजन बाई के परिवार सहित साहित्य, कला संगीत जगत की प्रमुख हस्तियां उपस्थित रहीं। पद्मश्री भारती बंधु, पद्मश्री ममता चंद्राकर, पद्मश्री उषा बारले, राधेश्याम बारले, दुष्यंत हरमुख, कविता वासनिक, डॉ पीसी लाल यादव, सुधीर शर्मा, चेतन देवांगन, रिखी क्षत्रिय, राकेश तिवारी, परदेशीराम वर्मा, कवि मीर अली मीर, नवलदास मानिकपुरी, सीताराम साहू, बलदाऊराम, तरुणा साहू, पुष्पा निषाद, दुष्यंत द्विवेदी, दुर्गा साहू, आरू साहू, सावित्री कहार ने पुष्प अर्पित करते हुए तीजनबाई की कला विरासत को सहेजने की बात कही तथा भारत रत्न से विभूषित करने की मांग उठी। संस्कृति मंत्री ने तीजन बाई के नाम से राज्य अलंकरण की घोषणा करते हुए उनके तमूरा को धरोहर के रूप में संरक्षित करने, राजधानी के प्रमुख चौक का नामकरण सहित कला संरक्षण के लिए उनके ऊपर शोध की बात कही।

# सेवानिवृत्त एवं नवनियुक्त प्राचार्यों का हुआ सम्मान

- वरिष्ठ प्राचार्यों ने विद्यालय संचालन और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर साझा किए अनुभव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



प्राचार्य मंच के तत्वावधान में पीएमश्री शासकीय श्रृंगीऋषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नगरी में सेवानिवृत्त एवं नवनियुक्त प्राचार्यों का सम्मान किया गया।

समारोह में विकासखंड के 13 सेवानिवृत्त प्राचार्यों प्रभा ठाकुर, राजेश गुप्ता, जेके सोनी, जेपी गादग, कंजन ध्रुव, रामनाथ साहू, कंचन सूर्यवंशी, प्रेमलता ध्रुव, कीर्तिलता साहू, महेन्द्र सिंह मरकाम, राजेन्द्र कुमार यदु, दानीगोपाल इंडसेना एवं राजेश तिवारी का शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान किया गया।

इसके साथ ही 110 नवनियुक्त प्राचार्यों का भी आत्मीय स्वागत किया गया। इनमें प्रमुख रूप से शांति पटेल, एमएस जयसिंधु, एलके मरकाम, डीके कश्यप, मिनेश अग्रवाल, बिरेन्द्र कुमार श्रीवास, कविता यादव, रमेश कुमार टंडन, एस. कौर ओबेराय, राजकुमार ध्रुव, कुमार सिंह ध्रुव, राजेश कश्यप, केशव प्रसाद अग्रवाणी, ललित कुमार सोम, अर्चना साहू, अनिता सोम एवं एमएस गुरु सहित अन्य प्राचार्य शामिल रहे।

इस अवसर पर सेवानिवृत्त प्राचार्यों ने अपने लंबे शैक्षणिक अनुभव साझा करते हुए नवनियुक्त प्राचार्यों को विद्यालय संचालन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के संबंध में मार्गदर्शन दिया। प्राचार्य मंच एवं प्रेमलता ध्रुव द्वारा सभी नवपदस्थ प्राचार्यों को पेन भेंटकर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पीसी झा प्राचार्य बेलरगांव ने की। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी केआर साहू एवं सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी महेश्वरी ध्रुव ने सेवानिवृत्त प्राचार्यों को शॉल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। केआर साहू ने सेवानिवृत्त प्राचार्यों के शिक्षा क्षेत्र में दिए गए योगदान की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन अर्चना नेताम प्राचार्य छुही एवं अनीता सोम प्राचार्य उमरगांव व आभार प्रदर्शन देवेश सूर्यवंशी डीएमसी ने किया।

मौके पर एसके प्रजापति प्राचार्य सेजेस नगरी, उपाध्यक्ष अनिमा अग्रवाल प्राचार्य सांकरा मीनाक्षी रामटेके प्राचार्य कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नगरी, पी. राय प्राचार्य डाइट नगरी तथा डीके साहू सहायक प्राध्यापक हायर सेकेंडरी विद्यालय नगरी सहित विकासखंड के अनेक प्राचार्य एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# साइकिल मिलने से शिक्षा की राह हुई आसान : अंगिरा




हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शासकीय हाईस्कूल अकलाडोंगरी में साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अंगिरा ध्रुव ने किया। इसके पश्चात कक्षा नवमी की छात्राओं को निःशुल्क साइकिल का वितरण किया गया। इस अवसर पर श्रीमती अंगिरा ध्रुव ने कहा कि शिक्षा जीवन की सबसे बड़ी शक्ति है। बेटियों को शिक्षित एवं आत्मनिर्भर बनाने शासन द्वारा संचालित सरस्वती साइकिल योजना अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने छात्राओं से नियमित रूप से विद्यालय आने, मन लगाकर पढ़ाई करने तथा अपने परिवार, समाज और प्रदेश का नाम रोशन करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में प्राचार्य आरके सोमवंशी, लक्ष्मी सोरी सरपंच कोडेगांव, मोतीराम निषाद, अमृता सिन्हा, सविता निषाद सरपंच तिर्रा, संतोष निषाद, अनिता कमेटी, जनकराम शोरी, रंजीत निषाद, ओमप्रकाश पटेल, देवनाथ साहू, अहमद अली बरगरी सोसाइटी अध्यक्ष, गिरधर साहू, बालकृष्ण निषाद सरपंच चिखली, सुलोचना देवांगन पंच भोयना, सुरजीत नेताम, जयंत नेताम जनपद सदस्य, चिंताराम मंडावी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। साइकिल मिलने से छात्राओं के चेहरे पर खुशी थी।

## एसडीएम ने दिलाई पद एवं गोपनीयता की शपथ

# नपं भखारा-भठेली में मनोनीत पार्षदों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी





नगर पंचायत भखारा-भठेली में राज्य शासन द्वारा मनोनीत तीनों एल्डरमैन दीनू निर्मलकर, संतोष साहू, किशोर गौर ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। एसडीएम नभसिंह कोसले ने सभी नवनियुक्त एल्डरमैन को शपथ दिलाई गई।

नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति जैन ने नवनियुक्त एल्डरमैन को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे नगर हित को सर्वोपरि रखते हुए पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करें तथा नगरवासियों की आशाओं और अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए विकास कार्यों में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। मौके पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी हरिकिशन पावरिया, उपाध्यक्ष विष्णु साहू सहित पार्षदगण झम्मन साहू, परदेसी कंवर, अंजू साहू, भूपेश्वरी चंदेल, छबिलाल निर्मलकर, भूपेंद्र यादव, डूमेंद्र गंगबेल, अविनाश गौर बिट्टू, भानुप्रताप गायकवाड़, मेघनाथ साहू व जिला साहू संघ के अध्यक्ष गणेशराम साहू, कामता प्रसाद साहू, रामगोपाल देवांगन, रामकृष्ण नेताम, राजू सेन, अभिषेक शिंदे, नवदीप गौर, डीसी साहू, झम्मन रामायणी सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। विधायक प्रतिनिधि हरख जैन ने आभार व्यक्त किया।

**Pride of Dhamtari**

**सिद्धीविनायक** नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)

- 14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
- A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
- Multi Para Monitors / Bubble CPAP
- Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
- Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
- State of the art NICU including care for Preterm, Term
- वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
- Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
- प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
- 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध



डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़

समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
मो. 9981321524 / 7223011528

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

# हर विद्यार्थी तक पहुंचे सुविधा, हर शिक्षक निभाएं जिम्मेदारी : जयंत

## शिक्षा की गुणवत्ता पर जिपं सीईओ का फोकस, कमजोर प्रदर्शन पर सुधारात्मक कार्रवाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले की शिक्षा व्यवस्था में और व्यापक सुधार और शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने के उद्देश्य से जिपं सीईओ जयंत नाहटा ने शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग में लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी और प्रत्येक विद्यार्थी तक समय पर सभी शासकीय सुविधाएं पहुंचाना अधिकारियों की सर्वोच्च जिम्मेदारी है।

जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में श्री नाहटा ने विद्यालयवार परीक्षा परिणाम, शिक्षकों की उपस्थिति, पाठ्यपुस्तक एवं गणवेश वितरण, साइकिल वितरण, आरटीई प्रवेश, पीएम श्री एवं समग्र शिक्षा के निर्माण कार्यों सहित विभाग की विभिन्न योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन विद्यालयों का परीक्षा परिणाम कमजोर रहा है, वहां विशेष कार्ययोजना बनाकर अतिरिक्त कक्षाएं संचालित की जाएं, कमजोर विद्यार्थियों की पहचान कर नियमित मार्गदर्शन दिया जाए तथा प्रत्येक स्तर पर सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। श्री नाहटा ने सभी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, विद्यालयों में नवाचार, तकनीक आधारित शिक्षण और विज्ञान गतिविधियों को बढ़ावा देने के निर्देश दिए।

उन्होंने विद्यालयों में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित कराने तथा आवश्यक उपचार सुनिश्चित करने पर भी बल दिया। सीईओ श्री नाहटा ने कहा कि जिले की शिक्षा व्यवस्था में अपेक्षित सुधार केवल नियमित निरीक्षण, जवाबदेही, सतत मॉनिटरिंग और सभी अधिकारियों-शिक्षकों के समन्वित प्रयासों से ही संभव है। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मधुलिका तिवारी सहित शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



### बच्चों को गुणवत्तापूर्ण मध्यान्ह भोजन मिले

प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत संचालित केंद्रीकृत रसोई की समीक्षा करते हुए उन्होंने बच्चों को गुणवत्तापूर्ण, स्वच्छ एवं समय पर मध्यान्ह भोजन उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया। साथ ही निर्देश दिए कि निःशुल्क पाठ्यपुस्तक, गणवेश एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री तत्काल विद्यार्थियों तक पहुंचाई जाए, ताकि पढ़ाई प्रभावित न हो।

### बीईओ हर माह दो विद्यालयों का निरीक्षण करेंगे

सीईओ ने स्पष्ट निर्देश दिए कि हर बीईओ प्रत्येक माह कम से कम दो विद्यालयों का अनिवार्य निरीक्षण करेंगे तथा फोटोग्राफ सहित विस्तृत प्रतिवेदन जिला कार्यालय को भेजेंगे। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में शिक्षकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए, अनुपस्थित या लापरवाह पाए जाने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाएगी।

---

## खबर संक्षेप



### नकटी न्याय पदयात्रा में शामिल हुईं विधायक सावित्री मंडावी

**दुर्गुकोंदल।** भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक सावित्री मनोज मंडावी बुधवार को नकटी गांव पहुंचीं और पीड़ित परिवारों के सम्मान, अधिकार एवं न्याय की मांग को लेकर आयोजित नकटी न्याय पदयात्रा में शामिल होकर अपना समर्थन दिया। उन्होंने पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और न्याय मिलने तक हर स्तर पर साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया। विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को सम्मानपूर्वक जीवन और त्वरित न्याय का संवैधानिक अधिकार है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि न्याय में अनावश्यक देरी पीड़ितों के साथ अन्याय है। उन्होंने बताया कि यह पदयात्रा नकटी गांव से शुरू होकर राजभवन तक पहुंचेगी, जहां राज्यपाल को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच, कानूनी कार्रवाई और पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने की मांग की जाएगी। पदयात्रा में राज्यसभा सांसद फुलोदेवी नेताम, पूर्व मंत्री एवं विधायक अनिला भेड़िया, विधायक अंबिका मरकाम, कविता प्राणलहरे, चातुरीनंद, ओंकार सिंह साहू, विद्यावती सिदार, पूर्व विधायक अनिता शर्मा, पूर्व महापौर प्रमोद दुबे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और क्षेत्रवासी शामिल हुए। कांग्रेस नेताओं ने न्याय मिलने तक आंदोलन जारी रखने का संकल्प दोहराया।

### राजपुर में मां सरस्वती की मूर्ति स्थापना आज

**मगरलोड।** शासकीय प्राथमिक व माध्यमिक शाला राजपुर के शालेय प्रांगण में स्थित नवनिर्मित मंदिर में मां सरस्वती की मूर्ति स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा 16 जुलाई गुरुवार को की जाएगी। कलश यात्रा सुबह 10 बजे, मूर्ति पूजा व प्राण प्रतिष्ठा 11 बजे होगी। कार्यक्रम की तैयारी में शाला प्रबंधन विकास समिति के पदाधिकारी व शिक्षकगण जुटे हुए हैं।

### स्थानांतरण पर सीईओ सुरेंद्र बंजारे को दी भावभीनी विदाई



**दुर्गुकोंदल।** जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरेंद्र बंजारे के जिला कार्यालय कांकेर स्थानांतरण पर बुधवार को जनपद पंचायत कार्यालय के सभा कक्ष में सम्मान एवं विदाई समारोह आयोजित किया गया। अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनके लगभग दो वर्षों के कार्यकाल को याद करते हुए उत्कृष्ट प्रशासनिक कार्यशैली, सरल स्वभाव और सहयोगात्मक व्यवहार की सराहना की। सुरेंद्र बंजारे ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि दुर्गूकोदल में मिले सहयोग के कारण वे अपने दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर सके। उन्होंने कहा कि स्थानांतरण शासन की नियमित प्रशासनिक प्रक्रिया है और नई जिम्मेदारी भी पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से निभाएंगे।

### सीजीपीएससी एसआई प्रारंभिक परीक्षा शांतिपूर्ण हुई संपन्न

**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सूबेदार, उप निरीक्षक संवर्ग एवं प्लाटून कमांडर प्रारंभिक परीक्षा जिले के चार परीक्षा केंद्रों में शांतिपूर्ण एवं कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुई। जिले में कुल 1057 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 974 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। जबकि 83 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा का आयोजन सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक किया गया। शासकीय गुण्डाधूर स्नातकोत्तर महाविद्यालय 250 में से 235 उपस्थित, 15 अनुपस्थित। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय 250 में से 229 उपस्थित, 21 अनुपस्थित।

---

### रात में सुरक्षा व्यवस्था नहीं होने से ग्रामीण परेशान, 24 घंटे निगरानी की उठी मांग

# नगरी में बैंक-एटीएम की सुरक्षा पर सवाल, नकाबपोश चोरों ने एसबीआई एटीएम तोड़ने का किया प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



अंचल के विभिन्न बैंकों में स्थापित एटीएम मशीनों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। क्षेत्र के अधिकांश एटीएम केंद्रों पर रात्रिकालीन सुरक्षा कर्मियों की तैनाती नहीं होने से चोरी और तोड़फोड़ जैसी घटनाओं की आशंका लगातार बनी हुई है। हाल ही में नगर के सिहावा रोड स्थित भारतीय स्टेट बैंक के एटीएम में हुई घटना ने बैंक सुरक्षा व्यवस्था की कमजोरियों को उजागर कर दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रात 12 बजे नकाबपोश चोर मोटरसाइकिल से पहुंचे और एसबीआई की एटीएम मशीन को तोड़कर उसमें रखी नकदी को निकालने का प्रयास किया। इतना ही नहीं, बैंक परिसर के मुख्य ताले को भी तोड़ने की कोशिश की गई। हालांकि बदमाश अपने मंसूबों में सफल नहीं हो सके और मौके से फरार हो गए।

घटना की जानकारी अगले दिन सुबह उस समय हुई जब बैंक कर्मचारी नियमित कार्य के लिए बैंक पहुंचे। कर्मचारियों ने बैंक के ताले और एटीएम में छेड़छाड़ के निशान देखकर तत्काल बैंक प्रबंधन को सूचना दी।

इसके बाद बैंक प्रबंधक ने नगरी थाना पहुंचकर घटना की लिखित शिकायत दर्ज कराई।

बताया जा रहा है कि बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज में एक नकाबपोश व्यक्ति संदिग्ध गतिविधियां करते हुए दिखाई दे कहा है।

इस घटना के बाद नगरी अंचल के अन्य बैंक और एटीएम केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था भी चर्चा का विषय बन गई है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि अधिकांश एटीएम केंद्रों पर रात के समय कोई सुरक्षा गार्ड तैनात नहीं रहता, जिससे असामाजिक तत्वों के लिए वारदात को अंजाम देना आसान हो सकता है। अब शाम 7 बजे के बाद एटीएम बैंक में ताला लग जाता है। बैंक करीब 9 बजे खुलता है। इससे क्षेत्र के ग्रामीणों को पैसा के लिए भटकना पड़ रहा है।

लोगों ने सभी बैंक के एटीएम केंद्रों पर 24 घंटे सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था एवं निगरानी बढ़ाने की मांग की है।

---

## उत्कृष्ट विधायक धरमलाल कौशिक का किया सम्मान



- धरमलाल राजनीति के धर्मराज, सभी नए विधायकों के लिए प्रेरणास्तोत्र : पं. राजेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छत्तीसगढ़ विधानसभा सभा में साल 2026 के लिए बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक को उत्कृष्ट विधायक चुना गया है। प्रदेशभर के 90 विधायकों के बीच उत्कृष्टता से अलंकृत होना एक शानदार सम्मान है।

धरमलाल कौशिक 5 बार के विधायक हैं। पूर्व में विधानसभा अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष भी रह चुके हैं। एक बार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भी कौशिक रहे हैं। वर्तमान में पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में हैं।

शहर के धर्मप्रेमी और भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पं राजेश शर्मा ने धरमलाल कौशिक के उत्कृष्ट विधायक चुने जाने पर उनका सम्मान करते हुए आशीर्वाद लिया है। पं राजेश ने कहा कि धरमलाल कौशिक राजनीति में धर्मराज की तरह है। उन्होंने हमेशा राजनीतिक धर्म के दायरे में पार्टी और जनता की सेवा की है। कोई भी अगर पहली बार विधायक बने तो तो उसे न सिर्फ जनता के बीच बल्कि विधानसभा के अंदर कैसा आचरण रखना चाहिए ये धरम लाल कौशिक से सीखना चाहिए। इस मौके पर महेंद्र पंडित, राकेश निर्वाण, लोकेश डागा और राहुल शर्मा ने भी धरमलाल कौशिक का सम्मान कर आशीर्वाद लिया।

---

## विधानसभा घेराव की तैयारी तेज, बीईओ को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन की ब्लॉक इकाई कुरूद ने आगामी विधानसभा घेराव के संबंध में बुधवार को विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार बैस को सूचना ज्ञापन सौंपा। फेडरेशन ने बताया कि प्रदेशभर के सहायक एवं समग्र शिक्षक वेतन विसंगति दूर कर क्रमोन्नत वेतनमान, प्रथम नियुक्ति तिथि से समस्त सेवाओं की गणना, टीईटी की अनिवार्यता समाप्त करने सहित लंबित मांगों को लेकर रायपुर में विधानसभा घेराव करेंगे।

इस दौरान फेडरेशन की संवेदना सहायता समिति ने सदस्य अभिषेक सिंह की बहन अंशिता सिंह के उपचार के लिए स्वीकृत 20,000 की सहायता राशि बीईओ बैस के हाथों प्रदान की। पदाधिकारियों ने कहा कि समिति जरूरतमंद सदस्यों और उनके परिवारों की हर संभव सहायता के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर प्रांतीय प्रवक्ता हुलेश चंद्राकर, ब्लॉक अध्यक्ष लुकेश राम साहू, कोषाध्यक्ष फालेश्वर कुर्रे, प्रवक्ता रामेश्वर साहू, सहसचिव शंकर लाल मानिकपुरी, थनेंद्र कुमार साहू, सेवक पटेल, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष शिप्रा कन्नौजे, निशा निषाद, नवनीत चंद्राकर, अभिषेक सिंह, भानुप्रताप नेताम, मोहित साहू, नेतराम मारकंडे उपस्थित रहे।

---

## सोंढूर बांध के प्रतिबंधित गेट पर युवकों की जानलेवा मस्ती, सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

- बरसात में बढ़ी पर्यटकों की भीड़, प्रतिबंधित क्षेत्र तक बेधड़क पहुंच रहे लोग

बरसात के मौसम में सोंढूर जलाशय का जलस्तर बढ़ने के साथ यहां पर्यटकों की आवाजाही भी तेज हो गई है। लेकिन पर्यटन स्थल की सुरक्षा व्यवस्था भगवान भरोसे नजर आ रही है। इसका ताजा उदाहरण तब सामने आया, जब कुछ युवक बांध के पानी निकासी गेट के ऊपर बनी लोहे की मशीनरी प्रतिबंधित हिस्से पर चढ़कर मस्ती करते दिखाई दिए। यह क्षेत्र आम लोगों के लिए पूरी तरह प्रतिबंधित माना जाता है, फिर भी वहां तक लोगों का पहुंच जाना सुरक्षा इंतजामों पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है।

नगरी ब्लॉक मुख्यालय से करीब 30 किलोमीटर दूर स्थित सोंढूर जलाशय बारिश के दिनों में बड़ी संख्या में पर्यटकों को आकर्षित करता है। फोटो में साफ देखा जा सकता है कि युवक लोहे की सीढ़ियों और गेट की मशीनरी तक पहुंच गए हैं। यदि इस दौरान पैर फिसल जाए या किसी कारण संतुलन बिगड़ जाए, तो बड़ा हादसा हो सकता है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि बांध पर न तो पर्याप्त सुरक्षा कर्मी तैनात हैं और न ही प्रतिबंधित क्षेत्र में प्रभावी निगरानी या सख्ती दिखाई देती है। केवल चेतावनी बोर्ड लगाना पर्याप्त नहीं है। बैरिकेडिंग, सुरक्षा गार्ड और नियमित गश्त जैसी व्यवस्थाएं जरूरी हैं, ताकि कोई भी व्यक्ति खतरनाक हिस्से तक न पहुंच सके। बरसात के मौसम में जलाशयों के गेट कभी भी संचालन की स्थिति में आ सकते हैं।



विभागीय अधिकारी एसडीओ ने कहा कि सुरक्षा कर्मचारी की कमी है। जल्द सुरक्षा कर्मी की संख्या बढ़ाई जायेगी।

---

## कृषि मोटर पंप की केबल चोरी से किसान परेशान

**धमतरी।** ग्राम पोटियाडीह के किसानों ने कृषि मोटर पंपों के केबल चोरी की लगातार हो रही घटना पर चिंता जताते हुए पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

ज्ञापन में बताया है कि ग्राम पोटियाडीह के लगभग 15 से 20 किसानों के कृषि मोटर पंपों के केबल अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिए गए हैं। वर्तमान में पर्याप्त वर्षा नहीं होने के कारण किसान सिंचाई के लिए मोटर पंपों पर निर्भर हैं, लेकिन केबल चोरी हो जाने से खेतों की सिंचाई नहीं हो पा रही है। इससे फसलों को नुकसान होने की आशंका बढ़ गई है और किसानों



के सामने आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है।

किसानों ने पुलिस प्रशासन से चोरी की घटनाओं की गंभीरता से जांच कर दोषियों की जल्द पहचान कर उनके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। गांव और आसपास के क्षेत्रों में रात्रिकालीन पुलिस गश्त बढ़ाने का भी अनुरोध किया है। ज्ञापन सौंपन के दौरान राजकुमार तिवारी, साधुराम, पोखराज सहित अनेक किसान मौजूद थे।

---

## सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा के लिए केंजन चयनित



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शासकीय माध्यमिक शाला तरसींवा की छात्रा केंजन साहू पिता गीताराम का चयन एनएमएमएसई राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा में हुआ है।

चयनित छात्रा को प्रतिमाह छात्रवृत्ति प्राप्त होगी। इस सफलता पर शिक्षक विजयेन्द्र सोनी, चंद्रप्रकाश निर्मल, सरपंच श्रीमती झमित सिन्हा, उपसरपंच भुवनेश्वर सिन्हा, ग्रामीण अध्यक्ष सरोज सिन्हा, स्कूल अध्यक्ष पोखन सिन्हा, अर्जुनपुरी, चिरंजीव हिरवानी ने हर्ष जताया है।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### बेस्ट फायरर अवार्ड से सम्मानित हुए सब इंस्पेक्टर दिनेश

**महासमुंद।** जिले के सब इंस्पेक्टर दिनेश चक्रधारी को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रतिष्ठित बेस्ट फायरर अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें कांकेर स्थित जंगल वार कॉलेज में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रदान किया गया। संस्थान के डायरेक्टर आईजी लामा ने सब इंस्पेक्टर दिनेश को पुरस्कार एवं प्रशस्ति देकर सम्मानित किया। प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने फायरिंग कौशल, अनुशासन एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिचय देते हुए यह उपलब्धि हासिल की। दिनेश चक्रधारी की इस उपलब्धि पर उनके सहकर्मियों, शुभचिंतकों एवं क्षेत्रवासियों ने प्रसन्नता जताई है।

### विद्या मंदिर कोमाखान में आचार्य भारती का गठन



**कोमाखान।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कोमाखान में आचार्य भारती, कन्या भारती, बाल भारती एवं शिशु भारती का गठन पश्चात शपथ ग्रहण किया गया। सर्वप्रथम मां भारती, प्रणव अक्षर ओम तथा सरस्वती माता के छायाचित्र पर पूजन हुआ। मध्य में प्रधानाचार्य टिकेश्वर उपाध्याय द्वारा सभी आचार्य दीदीयों एवं भैया बहनों को विद्यालय के दायित्व का महत्व बताया गया। आचार्य भारती में प्रधानाचार्य टिकेश्वर को प्रशासनिक, लता को साहित्य एवं शारीरिक, देवांगन आरटीई एवं बौद्धिक, त्रिवेणी को कार्यालय प्रमुख, माधवी को सांस्कृतिक, संजू को समयपाल, समीक्षा को प्रार्थना, रजनी को परीक्षा, लीला को शिशु वाटिका, भारती को खोया पाया, आया सुनीता को सफाई का दायित्व दिया गया। साथ ही ओमप्रकाश टंडन को बाल भारती अध्यक्ष, पृथ्वीराज पाड़े को उपाध्यक्ष, कन्या भारती अध्यक्ष अदिती गायकवाड़, उपाध्यक्ष डिम्पल पांडे, शिशु भारती अध्यक्ष जय शर्मा एवं साक्षी टंडन, उपाध्यक्ष हिमांशु साहू एवं हिना टंडन को बनाया गया। इसके साथ अन्य विभाग प्रार्थना, शारीरिक, समयपाल, सांस्कृतिक, स्वच्छता, पेयजल, भोजन व्यवस्था, अतिथि स्वागत का दायित्व भी अलग अलग भैया बहनों को दिया गया।

### एनसीसी कैडेट्स को कर्तव्य व जिम्मेदारियों से कराया अवगत

**महासमुंद।** 27 छत्तीसगढ़ बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी एवं कैंप कमांडेंट कर्नल एस वेलमुरूगन और एडम अधिकारी कर्नल सुभाष महतो के निर्देशन में लखौली में आयोजित 10 दिवसीय शिविर में एनडीआरएफ की टीम कैडेट्स को आपदा एवं आपदा प्रबंधन के विषय पर विशेष व्याख्यान दिया। साथ ही आपदा के दौरान एनसीसी कैडेट्स के कर्तव्य व जिम्मेदारियों से अवगत कराया। इसी क्रम में अल्फा कंपनी के लगभग 200 कैडेट्स ने लखोली फायरिंग रेंज पर फायरिंग की। फायरिंग का उद्देश्य ऐसे कैडेट्स तैयार करना जो आगे चलकर टीएससी, आरडीसी और अन्य नेशनल लेवल कैंप में बटालियन और ग्रुप को लीड कर सके। अंत में शाम के कार्यक्रम में ब्रावो और चार्ली कंपनी के मध्य वॉलीबॉल का मैच कराया गया। साथ ही रस्साकसी का मैच दोनों कंपनियों के कैडेट्स के बीच कराया गया। सभी कैडेट्स ने अपनी अपनी कंपनी के खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया। मैच के दौरान वाइस कैंप कमांडेंट कर्नल सुभाष महतो खिलाड़ियों का मार्गदर्शन एवं उत्साहवर्धन करने हेतु उपस्थित रहे। अंत में उन्होंने कैडेट्स को अनुशासन में रहने एवं खेल भावना के साथ खेलने के प्रोत्साहित किया। इस प्रशिक्षण शिविर में विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के एनसीसी अधिकारी उपस्थित हैं।

# धमतरी में सर्वसुविधायुक्त वेंटिलेटर एम्बुलेंस का लोकार्पण आज

## ऑक्सीजन सिलेंडर, डिफिब्रिलेटर, प्रशिक्षित पैरामेडिकल स्टाफ की सुविधा रहेगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

शहरवासियों के लिए राहतभरी खबर है। समाजसेवी अमित नंदकिशोर अग्रवाल एवं विकास सिंह द्वारा रितुराज पवार फाउंडेशन के माध्यम से सर्वसुविधायुक्त वेंटिलेटर एम्बुलेंस धमतरी को समर्पित की जा रही है। इस एम्बुलेंस का लोकार्पण समारोह आज 16 जुलाई को शाम 5:30 बजे गौशाला विध्यवासिनी मंदिर के पीछे होगा।

अतिथि महापौर रामू रोहरा, कलेक्टर अबिनाश मिश्रा तथा फाउंडेशन के प्रमुख रितुराज पवार, पुलिस कप्तान भावना पांडे, विध्यवासिनी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष आंनद पवार होंगे।

फाउंडेशन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही इस अत्याधुनिक एम्बुलेंस में वेंटिलेटर, ऑक्सीजन सिलेंडर, डिफिब्रिलेटर, फर्स्ट एड किट तथा प्रशिक्षित पैरामेडिकल स्टाफ की सुविधा रहेगी।

समाजसेवी अमित नंदकिशोर अग्रवाल ने कहा कि धमतरी केवल उनकी जन्मभूमि, कर्मभूमि ही नहीं, बल्कि उनका परिवार है। यहां के लोगों का स्नेह और विश्वास ही उन्हें लगातार समाजसेवा के लिए प्रेरित करता है।

समाजसेवी विकास सिंह ने कहा कि किसी भी समाज की सबसे बड़ी ताकत उसकी बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था होती है। विकास सिंह ने कहा कि रितुराज पवार फाउंडेशन लंबे समय से समाजहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहा है और यह पहल भी उसी सेवा भावना का विस्तार है।

रितुराज पवार फाउंडेशन के अध्यक्ष ने कहा कि एम्बुलेंस का संचालन पूरी पारदर्शिता के साथ किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद लोगों को समय पर बेहतर आपातकालीन चिकित्सा सुविधा का लाभ मिल सके।

## आयुक्त अरुण कुमार ने निरीक्षण कर अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

# बिजली उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए लगाए जा रहे वार्डवार शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

शहर के बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से 15 से 31 जुलाई तक विभिन्न स्थानों पर शिविर का आयोजन किया गया है। 15 जुलाई बुधवार को हटकेशर बाजारपारा में हटकेशर वार्ड, शीतलापारा वार्ड, लालबगीचा वार्ड, सुभाष नगर वार्ड एवं सुंदरगंज वार्ड के लिए शिविर लगा।

निगम आयुक्त अरुण कुमार वर्मा ने शिविर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आम नागरिकों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करने के निर्देश दिए। आयुक्त श्री वर्मा ने कहा कि इन शिविरों का उद्देश्य बिजली उपभोक्ताओं को एक ही स्थान पर सभी आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराना है, ताकि उन्हें कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।



### योजना का लाभ उठाएं

आयुक्त अरुण कुमार वर्मा ने शहर के बिजली उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपने वार्ड के निर्धारित शिविर में पहुंचकर अपनी समस्याओं का मौके पर समाधान कराएं तथा प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठाने के लिए आवश्यक जानकारी एवं मार्गदर्शन प्राप्त करें।

### कब और कहां शिविर लगेंगे

- 17 जुलाई को पावर हाउस बठेना: बठेना वार्ड, सरदार पटेल वार्ड, औद्योगिक वार्ड, नवागांव वार्ड एवं मकेश्वर वार्ड।
- 20 जुलाई को नंदी चौक कोष्टापारा: श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड, महंत घासीदास वार्ड, कोष्टापारा वार्ड एवं जालमपुर वार्ड।
- 22 जुलाई को सत्संग भवन गोकुलपुर रामपुर वार्ड, गोकुलपुर वार्ड, मराठापारा वार्ड, महात्मा गांधी वार्ड एवं बांसपारा वार्ड।
- 24 को सामुदायिक भवन सदर दक्षिण वार्ड : दानीटोला वार्ड, विंध्यवासिनी वार्ड, ब्राम्हणपारा वार्ड एवं महिमा सागर वार्ड।
- 27 जुलाई को रंगमंच जोधापुर: जोधापुर वार्ड, सोरिद वार्ड, डाकबंगला वार्ड, अंबेडकर वार्ड एवं विवेकानंद वार्ड।
- 29 जुलाई को गुजराती भवन बनियापारा: मोटर स्टैंड वार्ड, सदर उत्तर वार्ड, टिकरापारा वार्ड, आमापारा वार्ड एवं बनियापारा वार्ड।
- 31 जुलाई को रंगमंच नयापारा रिसाईपारा वार्ड: पोस्ट ऑफिस वार्ड, रिसाईपारा पूर्व, रामसागर पारा एवं नयापारा वार्ड में शिविर लगेगा।

## कुर्रा स्कूल में स्वागत गेट के लिए हुआ भूमिपूजन



- कुर्रा में ज्ञान का मार्ग उज्ज्वल और आलोकित हो : पं. राजेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुर्रा में स्वागत गेट बनाया जाएगा। इस कार्य का भूमिपूजन मुख्य अतिथि धर्म प्रेमी और भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पं राजेश शर्मा ने किया। पं राजेश शर्मा ने कहा कि स्वागत गेट के साथ कुर्रा में ज्ञान का मार्ग ज्यादा उजला और ज्यादा आलोकित हो, यही मेरी कामना है।

कार्यक्रम में महेंद्र पंडित, जितेंद्र यदु, अमन राव, परमेश्वर साहू, ओमप्रकाश साहू, टिकेश्वर यादव, प्राचार्य बीआर साहू, खिलेश्वरी बनपेला, होमिता साहू, हिना नायक, मुकेश साहू, मिथलेश सिन्हा, हेमंत साहू, तिर्की, चित्ररेखा गंधर्व उपस्थित रहे।

### महापौर से नवीन बाउंड्रीवॉल, रोड चौड़ीकरण की मांग

**धमतरी।** शपथ लेने के दूसरे दिन एल्डरमैन अशोक सिन्हा ने महापौर रामू रोहरा से बाबू पंढरीराव कृदत्त इंडोर स्टेडियम में नवीन बाउंड्रीवॉल बनाने एवं सेन चौक सेंट मैरी स्कूल के बाजू से श्रीराम नगर डॉ अंबेडकर वार्ड में रोड चौड़ीकरण की मांग की। महापौर ने जल्द ही कार्य स्वीकृति कराने का आश्वासन दिया।



## बाढ़ प्रभावित 5 गांवों में पुल-पुलिया निर्माण के लिए 44 लाख स्वीकृत

**धमतरी।** बाढ़ प्रभावित ग्रामीण क्षेत्रों में वर्षों से चली आ रही आवागमन की समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। महापौर रामू रोहरा के सतत प्रयास से सेमरा (डी), कोड़ेगांव, ढीमरटुकुर, मोंगरागहन एवं सेहराडाबरी में पुल-पुलिया निर्माण कार्यों के लिए 44 लाख की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। महापौर श्री रोहरा ने इन बाढ़ प्रभावित गांवों की समस्या को लगातार शासन के समक्ष प्रमुखता से उठाया और ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग को पूरा कराने के लिए निरंतर प्रयास किए। महापौर ने इस जनहितकारी स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा, सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने की है और इसी सोच के अनुरूप प्रदेशभर में विकास कार्य तेजी से किए जा रहे हैं।



## जगन्नाथ रथयात्रा को लेकर पुलिस अलर्ट जनप्रतिनिधियों संग बनाई सुरक्षा रणनीति



- रथयात्रा मार्ग, यातायात और भीड़ प्रबंधन को लेकर दिए दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

आगामी 16 जुलाई को आयोजित होने वाली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा को शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से नगरी थाना परिसर में थाना प्रभारी अरुण कुमार साहू ने जनप्रतिनिधियों, आयोजन समिति एवं नगर के गणमान्य नागरिकों के साथ बैठक आयोजित की।

बैठक में रथयात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, यातायात संचालन, भीड़ प्रबंधन, रथ के निर्धारित मार्ग, स्वयंसेवकों की जिम्मेदारी तथा श्रद्धालुओं की सुविधा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। थाना प्रभारी ने सभी से प्रशासन का सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि आयोजन के दौरान अनुशासन बनाए रखें तथा किसी भी प्रकार की अफवाह या विवाद की स्थिति से बचें। उल्लेखनीय है कि रथयात्रा के दौरान भीड़भाड़ के कारण धक्का-मुक्की जैसी स्थिति उत्पन्न न हो। इसे ध्यान में रखते हुए इस वर्ष पुलिस प्रशासन ने पहले से ही सुरक्षा व्यवस्था को लेकर व्यापक तैयारियां रखेगी। रथयात्रा मार्ग पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती के साथ आवश्यक सुरक्षा इंतजाम किए जाएंगे।

बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, नगर व्यवस्था समिति के अध्यक्ष नंद यादव, हेमू सेन, नरेंद्र नाग, सभापति अश्वनी निषाद, शंकर देव, अल्का साव सहित आयोजन समिति के सदस्य, जनप्रतिनिधि एवं नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## प्रशासन एवं ग्रामवासियों के बीच बना गतिरोध हुआ समाप्त

# ग्रामीणों के विरोध पर मधुरिमा गुरुकुल कौशल विकास संस्थान को शासकीय भूमि आवंटित नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

ग्राम कोलियारी में गत कई दिनों से प्रशासन एवं ग्रामवासियों के बीच उत्पन्न असमंजस को समाप्त करने जिला पंचायत सभापति मोनिका देवांगन की पहल पर संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनुभागीय अधिकारी पीयूष तिवारी की विशेष उपस्थिति में ग्रामवासियों की समस्याओं को सुना गया।

एसडीएम पीयूष तिवारी ने ग्रामवासियों से सीधे संवाद करते हुए प्रशासन की स्थिति स्पष्ट की तथा उन्हें आश्वस्त किया कि प्रशासन जनभावनाओं का सम्मान करते हुए पारदर्शिता एवं समन्वय के साथ कार्य करेगा। सकारात्मक संवाद से ग्रामवासियों में विश्वास का वातावरण निर्मित हुआ।



प्रशासन ने स्पष्ट किया कि मधुरिमा गुरुकुल कौशल विकास संस्थान को किसी भी प्रकार की शासकीय भूमि आवंटित नहीं की जा रही है।

यह संस्था वर्तमान में लाइवलीहुड कॉलेज के निगरानी में किराये के भवन में संचालित होकर क्षेत्र के 12वीं एवं उच्च शिक्षा प्राप्त बेरोजगार युवाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाने का कार्य कर रही है।

यह भी स्पष्ट किया कि वर्तमान भवन बाढ़ एवं आपदा प्रबंधन के लिए निर्मित है। इसके संचालन में ग्राम पंचायत अथवा सरपंच की कोई भूमिका नहीं है। भविष्य में छात्रावास निर्माण हेतु प्रशासन को भूमि की आवश्यकता होने पर ग्रामवासियों की सहमति एवं भावनाओं का सम्मान करते हुए ही निर्णय लिया जाएगा। विवाद की स्थिति में छात्रावास निर्माण नहीं किया जाएगा।

इस अवसर पर मोनिका देवांगन ने कहा कि क्षेत्र का विकास, युवाओं का भविष्य और सामाजिक समरसता हम सभी की साझा जिम्मेदारी है। किसी भी समस्या का समाधान संवाद और आपसी विश्वास से ही संभव है।

बैठक में जनपद पंचायत सीईओ श्रीमती वर्षा रानी, तहसीलदार शिवेंद्र, अर्जुनी थाना प्रभारी चन्द्रकांत साहू, कोतवाली थाना प्रभारी राजेश जगत एवं कौशल विकास संस्थान के संचालक शैलेन्द्र गुप्ता व हेमंत चंद्राकर, उपसरपंच राजेश चक्रधारी, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष यशवंत सोनकर, उपाध्यक्ष पुलस्त साहू, ग्राम पटेल केश कुमार सोनकर समेत ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### कांग्रेस का असली चेहरा एक बार फिर बेनकाब : बैस

**धमतरी।** भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस ने कांग्रेस विधायक अटल श्रीवास्तव द्वारा दुर्दांत और खूंखार नक्सली कमाण्डर हिड़मा का महिमामण्डन किए जाने पर कड़ा प्रतिकार किया है। श्री बैस ने इसे छत्तीसगढ़ की शांति, लोकतंत्र और बस्तर में शहादत देने वाले वीर जवानों व निर्दोष आदिवासियों का घोर अपमान बताया और कांग्रेस विधायक से इस शर्मनाक कृत्य के लिए जनता और शहीदों के परिवारों से बिना शर्त माफी की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यजनक और निंदनीय है कि कांग्रेस के एक जिम्मेदार विधायक उस नक्सली हिड़मा की तुलना महान विभूतियों से कर रहे हैं, जो झीरम घाटी हमले, ताड़मेटला काण्ड और बीजापुर-सुकमा के अनगिनत नक्सली हमलों का मास्टरमाइण्ड रहा है। आज जब भाजपा सरकार बस्तर में विकास पहुंचा रही है और नक्सलियों को बैकफुट पर धकेल रही है, तब कांग्रेस नेताओं की यह छटपटाहट और नक्सलियों के प्रति हमदर्दी शर्मनाक रूप से सामने आ रही है।



### महतारी महिला सेवा संस्थान ने किया नई एसपी का सम्मान

**धमतरी।** जय छत्तीसगढ़ महतारी महिला सेवा संस्थान की कार्यकर्ताओं ने नई पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर मां छत्तीसगढ़ महतारी की फोटो, श्रीफल एवं बुके भेंटकर सम्मान किया। इस दौरान खिलेश्वर साहू, मोहनी साहू, शमीना अंजुम, भारती साहू, भावना मरकाम, रितु प्रधान, भारती सोनी, दीपा गायकवाड़, हिना मरकाम, कविता पटेल एवं बेदबाई नेताम उपस्थित रही। संस्थान ने श्रेया क्षत्रिय किन्नर के साथ हुए शोषण के मामले में उचित कार्रवाई की मांग करते हुए ज्ञापन भी सौंपा। इसके बाद कलेक्टर परिसर में तीसरी एवं आठवीं कक्षा के बच्चों को कॉपी और पेन का वितरण किया गया।




### जिला साहू संघ ने कलेक्टर से की मुलाकात

**धमतरी।** जिला साहू संघ के पदाधिकारियों ने कलेक्टर अबिनाश मिश्रा से मुलाकात कर उपमुख्यमंत्री द्वारा घोषित 20 लाख रुपये की राशि के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। प्रतिनिधिमंडल ने समाज के लिए शेड निर्माण की मांग रखते हुए शीघ्र स्वीकृति का आग्रह किया। इस दौरान जिला साहू संघ के अध्यक्ष गणेशाराम साहू, महासचिव विजय साहू, कोषाध्यक्ष संतराम साहू, संगठन सचिव तहसील साहू संघ भखारा जितेंद्र साहू, सीमांत साहू तथा परिक्षेत्र अध्यक्ष चोवा राम साहू सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। सभी ने समाजहित के कार्यों को प्राथमिकता देने की बात कही।



### गढ़डोंगरी स्कूल में छात्राओं को साइकिल वितरित



**नगरी।** शासकीय हाई स्कूल गढ़डोंगरी में राज्य शासन की योजना के तहत छात्राओं को निःशुल्क साइकिल का वितरण किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सरपंच रजनी नेताम रहीं। उन्होंने छात्राओं को साइकिल वितरित करते हुए उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आने, मन लगाकर अध्ययन करने तथा अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शासन की यह योजना छात्राओं की शिक्षा को प्रोत्साहित करने और विद्यालय तक उनकी पहुंच को सुगम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस अवसर पर प्राचार्य एलके मरकाम ने शासन की इस पहल की सराहना करते हुए छात्राओं को साइकिल का सदुपयोग करने एवं शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में पालकगण, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### विवेकानंद वार्ड के जर्जर अटल आवास का महापौर ने किया निरीक्षण



**धमतरी।** महापौर रामू रोहरा ने विवेकानंद वार्ड स्थित जर्जर अटल आवास का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भवन की जर्जर सीढ़ियों सहित अन्य संरचनात्मक खामियों का जायजा लिया। कुछ दिनों पूर्व अटल आवास के रहवासियों ने महापौर से मुलाकात कर भवन की खराब स्थिति और सुरक्षा संबंधी समस्याओं से अवगत कराया था। महापौर ने मौके पर रहवासियों से चर्चा करते हुए कहा कि उनकी सुरक्षा नगर निगम की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि अटल आवास के नए निर्माण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी, लेकिन इसके लिए पहले भवन को पूरी तरह खाली कराना आवश्यक होगा। उन्होंने रहवासियों से कहा कि आप सभी जब मकान खाली करेंगे, तभी नए भवन का निर्माण कार्य प्रारंभ किया जा सकेगा। महापौर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि भवन की वर्तमान स्थिति का तकनीकी परीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई की जाए तथा पुनर्वास और नए निर्माण की प्रक्रिया को शीघ्र आगे बढ़ाया जाए, ताकि रहवासियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर पार्षद विभा चंद्राकर, विशाल दिवेदी उपस्थित थे।




















विज्ञापन संकलन : उमेश सिंह बशिष्ट ब्यूरोचीफ 9826114710, डिजाइन - श्रीकांत साहू

## पहली समीक्षा बैठक में एसपी ने अनुशासन और कानून-व्यवस्था पर किया फोकस

# विजिबल पुलिसिंग के साथ अपराधियों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



पुलिस अधीक्षक भावना पांडेय ने समीक्षा बैठक में अनुशासनहीनता पर शून्य संवेदनशीलता, बेसिक एवं विजिबल पुलिसिंग के साथ-साथ अपराधियों पर सख्त कार्रवाई करने को निर्देश दिए। उन्होंने राजपत्रित अधिकारियों थाना और चौकी प्रभारी की परिचयात्मक बैठक लेकर कानून व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण को लेकर दिशा निर्देश दिए।

एसपी ने जिले के सभी राजपत्रित अधिकारियों, थाना एवं चौकी प्रभारियों की परिचयात्मक बैठक लेकर कानून-व्यवस्था, अनुशासन और अपराध नियंत्रण को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि धमतरी पुलिस की कार्यशैली अनुशासित, पारदर्शी, संवेदनशील और जनता के प्रति जवाबदेह होनी चाहिए। अनुशासनहीनता किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक में एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को अपने अधीनस्थ कर्मचारियों की नियमित समीक्षा



करने, साफ-सुथरी वर्दी, बेहतर टर्नआउट और समयबद्ध ड्यूटी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को पुरस्कृत करने तथा लापरवाही बरतने वालों पर नियमानुसार कार्रवाई करने को कहा।

एसपी ने जिले में बेसिक और विजिबल पुलिसिंग को और प्रभावी बनाने पर जोर देते हुए सदर बाजार सहित प्रमुख बाजारों, भीड़भाड़ वाले इलाकों और धार्मिक स्थलों पर नियमित पैदल गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने नशा, जुआ, सट्टा, अवैध शराब और चाकूबाजी के खिलाफ विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से चाकू मंगाने वालों पर भी निगरानी रखकर कार्रवाई करने को कहा। होटल-ढाबों की नियमित जांच, अवैध शराब बिक्री पर सख्ती और सराफा लाइन, बैंक व एटीएम जैसे संवेदनशील स्थानों पर रात्रि गश्त बढ़ाने के भी निर्देश दिए गए।

एसपी ने सभी थाना और चौकी परिसरों में स्वच्छता, शासकीय वाहनों के रखरखाव तथा सीसीटीवी कैमरों को पूरी तरह कार्यशील रखने पर विशेष जोर दिया। फरियादियों के साथ संवेदनशील व्यवहार, एफआईआर योग्य मामलों में तत्काल अपराध दर्ज करने, सीसीटीएनएस और अन्य ऑनलाइन पोर्टलों को समय पर अपडेट करने के निर्देश भी दिए।

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र कुमार पांडेय, नगर पुलिस अधीक्षक अभिषेक चतुर्वेदी सहित जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी, एसडीओपी, डीएसपी, थाना एवं चौकी प्रभारी और पुलिस अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## पत्नी के मायके चले जाने से उदास पति ने लगाई फांसी

- नगर पंचायत करेली बड़ी के वार्ड क्रमांक एक की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

पत्नी के मायके चले जाने से उदास पति ने आत्महत्या कर ली है।

चौकी से मिली जानकारी अनुसार वार्ड क्रमांक एक नगर पंचायत करेली बड़ी निवासी भुवन निषाद पिता रोहित निषाद उम्र 25 वर्ष 14 जुलाई की दोपहर घर से बाइक से निकला था। देर रात तक घर वापस नहीं आया। परिजनों ने पतासाजी की लेकिन नहीं मिला। 15 जुलाई बुधवार को भुवन निषाद का शव महानदी किनारे भोथा बाट के शीशम पेड़ में काले गमछे से लटका पाया गया। ग्रामीणों ने इनकी सूचना चौकी पुलिस को दी। पुलिस घटनास्थल पहुंची और शव को कब्जे में लिया। मृतक की बाइक घटनास्थल से कुछ दूरी पर खड़ी मिली। परिजनों ने पुलिस को बताया कि मृतक की पत्नी एक सप्ताह से अपने मायके चली गई है जिसके कारण वह गुमशुम रहता था। पुलिस ने पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए मगरलोड भेज दिया है। जांच अधिकारी हवलदार हेमंत उईके ने बताया कि आगे की जांच की जा रही है।




# रथयात्रा महापर्व पर सदर मार्ग में चारपहिया वाहनों की नो एंट्री

- सुविधा के लिए बहुस्तरीय पार्किंग व यातायात व्यवस्था लागू

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

गुरुवार को शहर में निकलने वाली भगवान जगन्नाथ रथयात्रा पर सुगम व सुरक्षित आवागमन के लिए यातायात पुलिस ने विस्तृत रुट चार्ट जारी किया है। रथयात्रा पर सदर मार्ग में चारपहिया वाहनों के प्रवेश को प्रतिबंधित किया गया है।

रथयात्रा महापर्व पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुगम यातायात व्यवस्था एवं निर्बाध आवागमन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एसपी भावना पांडेय के निर्देश पर यातायात डीएसपी मोनिका मरावी के मार्गदर्शन एवं यातयात प्रभारी एसआई खेमराज साहू के नेतृत्व में सुचारु यातायात एवं सुरक्षा प्रबंध किए किए गए हैं। रथयात्रा मार्ग, पार्किंग स्थलों, प्रमुख चौराहों एवं संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष पुलिस व्यवस्था लागू रहेगी जिससे श्रद्धालु सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित वातावरण में भगवान जगन्नाथ के दर्शन एवं रथयात्रा में सहभागी हो सके। रथयात्रा के अवसर पर गुरूवार की सुबह 9 बजे से रथयात्रा समाप्ति तक घड़ी चौक से विंध्यवासिनी मंदिर तक




सभी प्रकार के चारपहिया वाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। इस अवधि में केवल आपातकालीन सेवाओं एवं अधिकृत वाहनों को ही प्रवेश की अनुमति होगी।

### सुरक्षा के कड़े प्रबंध

सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए वर्दीधारी पुलिस बल के साथ- साथ सादे वस्त्रों में पुलिस अधिकारी, कर्मचारी, साइबर टीम तथा विशेष निगरानी दल को भी विभिन्न प्रमुख स्थानों एवं भीड़ भाड़वाले क्षेत्रों में तैनात किया गया है। ड्रोन कैमरों के माध्यम से संपूर्ण रथयात्रा मार्ग एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों की सतत निगरानी रखी जाएगी।

### पार्किंग स्थल निर्धारित

रथयात्रा में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पार्किंग स्थल निर्धारित किया गया है। रायपुर-गुण्डरदेही मार्ग से आने वाले के लिए पार्किंग स्थल मकई गार्डन, कांकेर मार्ग से आने वाले वाहनों के लिए इंडोर स्टेडियम, नगरी की तरफ से आने वाले वाहनों के लिए गौशाला मैदान व एकलव्य खेल मैदान पार्किंग स्थल होंगे।













